# देवदूत फाउंडेशन का शुभारंभ : शौर्यजीत सिंह बुंदेला की स्मृति में मानव सेवा का संकल्प

## स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, देहदान-अंगदान जागरूकता और वृक्षारोपण के माध्यम से दी गई श्रद्धांजलि

ललितपुर (एस.बी.न्यूज)। स्व.शौर्यजीत सिंह बुंदेला की प्रथम पुण्यतिथि पर मानव सेवा और जनकल्याण को समर्पित देवदूत फाउंडेशन, बिरधा का भव्य शुभारंभ किया गया। शांति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, देहदान एवं अंगदान जागरूकता अभियान, नशामुक्ति जनजागरण तथा वृक्षारोपण जैसे जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीएचसी बिरधा अधीक्षक डा.छत्रपाल सिंह द्वारा किया गया। इसकी थीम पुण्यात्मा की स्मृति में मानव सेवा ही सबसे उत्तम श्रद्धांजलि है रही, जिसने उपस्थित लोगों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य शिविर में सीएचसी बिरधा के सहयोग से लगभग 230 लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने रक्तचाप, ब्लड शुगर, ब्लड ग्रुप सहित विभिन्न आवश्यक जांचें कर मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराईं। रक्तदान शिविर में ललितपुर ब्लड बैंक की टीम के सहयोग से 16 यूनिट रक्तदान किया गया। वहीं दुर्लभ निगेटिव ब्लड ग्रुप वाले चार स्वयंसेवकों का रक्त तत्काल न लेकर उन्हें आपातकालीन आवश्यकता के लिए ऑन कॉल डोनर के रूप में पंजीकृत किया गया। इस दौरान घासीराम कुशवाहा एवं






सौरभ पटेल ने स्वैच्छिक देहदान के संकल्प पत्र भरकर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके साथ ही देवदूत फाउंडेशन परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। नशामुक्ति अभियान के माध्यम से युवाओं एवं ग्रामीणों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया गया। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक खुशालचन्द्र साहू एवं देवदूत फाउंडेशन के संस्थापक डा.अरविंद सिंह बुंदेला ने मानव सेवा को समाज का सर्वोच्च धर्म बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान, अंगदान और देहदान जैसे महादानों में सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम में सीएचसी बिरधा अधीक्षक डा. छत्रपाल सिंह ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए ऐसे सेवा और जागरूकता कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं, जो लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाते हैं। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट संस्थापक खुशालचन्द्र साहू ने कहा कि मानव सेवा, रक्तदान और देहदान जैसे कार्य किसी भी व्यक्ति की स्मृति को समाज में अमर बनाने का सबसे श्रेष्ठ माध्यम है। देवदूत फाउंडेशन संस्थापक डा.अरविंद सिंह बुंदेला ने कहा कि देवदूत फाउंडेशन का उद्देश्य जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य, सेवा और जागरूकता की रोशनी पहुंचाना है, ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। कार्यक्रम में ट्रस्ट कमेटी सदस्य महेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला, सुषमा साध, अनिल कुमार साहू, रामस्वरूप पटेल, अंकुर सानू बाबा एवं आदर्श साध उपस्थित रहे। मीडिया समन्वय की जिम्मेदारी अमित लखेरा एवं देवेन्द्र साहू ने निभाई। स्वास्थ्य टीम में डा.निशिकांत, अनुराग, प्रशांत राजपूत, अनुज सागर, दीपा साहू, सौरभ साहू, कुलदीप, राघवेन्द्र, अभिषेक, शिवपाल, जितेन्द्र विश्वकर्मा, वीरेंद्र कुमार, पवन कुमार एवं धर्म प्रताप सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने सेवाएं प्रदान कीं। रक्तदान शिविर में बालमुकुंद साध, मनोज सोनी, आकाश राजपूत, भवानी यादव और प्रीतम की विशेष भूमिका रही। संचालन सब्बीर खान ने किया। इस अवसर पर उम्मेद खान (प्रधान, निवाई), रवि चौहान, अमरपाल सिंह, रघुवीर सिंह, शुभम राजा, राजकुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने मानव सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरक संदेश दिया।

**बिरधा में स्वास्थ्य क्रान्ति और सेवा का महायज्ञ**

# देवदूत फाउण्डेशन ने फूँकी जन-जागरूकता में नई जान

- 16 यूनिट हुआ रक्तदान, दुर्लभ नेगेटिव ग्रुप वाले चार स्वयंसेवियों ने कराया ऑन-कॉल डोनर पंजीकरण

**ललितपुर ब्यूरो** : निकटवर्ती ग्राम बिरधा में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और सामाजिक दायित्वों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक वृहद सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्टके तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के साथ ही देवदूत फाउण्डेशन का औपचारिक शुभारम्भ हुआ, जिसने क्षेत्र मे मानव कल्याण के नए द्वार खोल दिए है।



ललितपुर : स्वैच्छिक रक्तदान करते स्वयंसेवी।

शिविर मे सीएचसी बिरधा के सहयोग से एक व्यापक ओपीडी स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम चलाया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. छत्रपाल सिंह के मार्गदर्शन मे चिकित्सा टीम ने 230 स्थानीय निवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान रक्तचाप, ब्लड शुगर और अन्य आवश्यक जांचो के साथ-साथ मरीजो को परामर्श और दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। संस्था ने आपातकालीन चिकित्सा जरूरतों को देखते हुए एक अनूठी पहल की है। शिविर में 16 यूनिट रक्तदान तो हुआ ही, साथ ही दुर्लभ नेगेटिव ब्लड ग्रुप वाले चार स्वयसेवकों को इन-कॉल डोनर के रूप में पंजीकृत किया गया है, जो जरूरत पड़ने पर तुरन्त उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा, देहदान की दिशा में कदम बढाते हुए घासी राम कुशवाहा एवं सौरभ पटेल ने स्वैच्छिक देहदान के फॉर्म भर कर समाज में एक बड़ा सन्देश दिया है। कार्यक्रम का दायरा केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं रहा। फाउण्डेशन ने वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, वहीं नशामुक्ति जनजागृति अभियान चलाकर युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प लिया। आयोजन को सफल बनाने में संस्थापक सुजान चन्द साहू और डॉ. अरविंद सिंह बुन्देला के साथ-साथ महेंद्र प्रताप सिंह बुन्देला, सुषमा साहू, अनिल कुमार साहू और रामस्वरूप पटेल सहित पूरी ट्रस्ट कमिटि की सक्रिय भूमिका रही। क्षेत्र के प्रधान उम्मेद खान सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने इस नेक पहल को जन-आन्दोलन का रूप दे दिया है।



पुण्यात्मा की स्मृति मे मानव सेवा ही
सबसे उत्तम श्रद्धांजलि है
स्व. शौर्य जीत सिंह बुन्देला की प्रथम पुण्यतिथि पर
''देवदूत फाउंडेशन'' बिरधा की स्थापना का अवसर
दिनांक-12.06.2026, दिन-शुक्रवार, समय-सुबह 10 बजे से दोप.02 बजे तक
स्थान-मैन रोड,बिरधा
नशा मुक्ति जनजागृति
For- Happy Family
स्वास्थ्य जांच शिविर,
For- Better Life
ऑन लाइन अंगदान,
For-NOTTO
ऑन कॉल रक्तदान रजि.
By SDC. Trust
For- Saving Life
वृक्षारोपण
For- Environment
श्रद्धांजलि सभा
आयोजक- देवदूत फाउंडेशन, बिरधा
अध्यक्षता
चिकित्सा अधीक्षक
मुख्य अतिथि
मुख्य चिकित्साधिकारी
ललितपुर
संयोजक
जिलाधिकारी
ललितपुर
शान्ति देहदान चैरिटेबल


शान्ति देहदान चैरिटेबल
एवं देवदूत फाउंडेशन
ऑन कॉल रक्तदान
SDC. Trust For- Saving


शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट
एवं देवदूत फाउंडेशन, बिरधा




शान्ति देहदान
एवं देवदूत फाउंडेशन,
ऑन कॉल रक्तदान
Trust For-



''अहर्निशं सेवामहे''

BLOOD BANK ASMC.LALITPUR

# पुण्यात्मा की स्मृति में मानव सेवा ही सबसे उत्तम श्रृद्धांजलि है

## स्व. शौर्य जीत सिंह बुन्देला की प्रथम पुण्यतिथि पर ''देवदूत फाउंडेशन'' बिरधा की स्थापना का अवसर

दिनांक-12.06.2026, दिन-शुक्रवार, समय-सुबह 10 बजे से दोप.02 बजे तक
स्थान-मैन रोड,बिरधा

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नशा मुक्ति जनजागृति<br>For- Happy Family | स्वास्थ्य जांच शिविर,<br>For- Better Life | ऑन लाइन अंगदान,<br>For-NOTTO | ऑन कॉल रक्तदान रजि.<br>By SDC. Trust<br>For- Saving Life | वृक्षारोपण<br>For- Environment | श्रद्धांजलि सभा<br>For- In Honour of<br>Late Shory Jeet Singh Bundela |

# आयोजक- देवदूत फाउंडेशन, बिरधा

| अध्यक्षता | मुख्य अतिथि | संयोजक |
|---|---|---|
| चिकित्सा अधीक्षक | मुख्य चिकित्साधिकारी | जिलाधिकारी |
| सी.एच.सी.,बिरधा | ललितपुर | ललितपुर |

सहयोगी संस्था- **शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट**